MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। यह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो , योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 31 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 28 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... | पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मेडीकल कालेज लोकार्पण हेतु मु यमंत्री से किया आग्रह

सिवनी यशोः- बुधवार 27 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी मेडीकल कालेज का निरीक्षण किया। प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के मुखिया यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा स्वीकृत सिवनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कंडीपार मे स्थित मेडीकल कालेज का विधायक दिनेश राय मुनमुन ने निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। तथा विभागीय एवं कार्य एजेंसी के अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा श्री राय को बताया कि मेडिकल कालेज भवन का लगभग 30 सितंबर तक कार्यपूर्ण हो जावेगा। तथा परिसर मे निर्माणाधीन अन्य भवनों का कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है जो वर्ष 2024 मे पूर्ण हो जाएगा। इसके उपरांत विधायक श्री राय द्वारा मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर मेडीकल कालेज का लोकार्पण करने का आग्रह किया गया है। ताकि मेडीकल की प्रारंभिक शिक्षा प्रारंभ हो सके।

कले टर सिंघल ने किया राईसमिलों का निरीक्षण

सिवनी यशोः- कले टर श्री वितिज सिंघल ने एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत नवीन औद्योगिक इकाई सादक सिवनी छपारा स्थित माँ शारदा राईसमिल, नारायणगंज बंडोल सिवनी स्थित सिध्दी विनायक एवं श्री लक्ष्मीनारण एवं भोग स्थित श्री श्री राईस मिल का निरीक्षण कर इकाई की व्यवस्थाओ, उपलब्ध संसाधनें एवं संचालन स्थिति का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि उक्त नवीन इकाईयों को एमएसएमई योजना अंतर्गत वित्तीय सहायता से लाभावित किया जाना है। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी श्री आर एस उईके सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

बजाज फायनेंस के कार्ड धारक ठगी के शिकार

जिला कले टर को दिया आवेदन और कहा कार्यवाही कर दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये

सिवनी यशोः- बजाज फाइनेंस कंपनी के कार्ड धारकों से शहजाद और आदाब नामक व्यक्तियों ने बड़ी धोखाधड़ी की है अनेक शिकायतकर्ताओं ने जिला कले टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपने साथ हुई ठगी का उल्लेख करते हुये आवेदन दिये है और दोषियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित कर अपने साथ हुई धोखाधड़ी से राहत दिलाने की मांग की है ।

शिकायत कर्ताओं ने जिला कले टर को दिये आवेदन में उल्लेख किया है कि उन्होंने बजाज फायनेंस से प्राप्त हुये कार्ड से कोई लेन देन नहीं किया परंतु उनके ऊपर लाखों रूपये का लोन का बोझ डाल दिया गया है और जिसका प्रतिदिन का ब्याज हजारों रूपये लगाया जा रहा है कंपनी से धमकी भरे फोन आते है । पीडित व्यक्तियों का कहना है कि जब उन्होंने किसी प्रकार का लोन लिया ही नहीं है और कार्ड का उपयोग ही नही किया है तो वे लोन की राशि और ब्याज यो जमा करें ।

शिकायतकर्त्ताओं ने बताया कि उन्हें बजाज कंपनी से कार्ड क्रेडिट कार्ड प्राप्त हुये थे परंतु इसका उन्होंने कभी उपयोग नहीं किया तो कंपनी की ओर से किसी महिला का फोन आया कि आप कार्ड का उपयोग नहीं कर रहे हो तो कार्ड वापिस कंपनी में जमा करा दो जिसके लिये महिला द्वारा बताया गया कि कार्ड वापिस लेने शहजाद और आदाब नामक व्यक्ति आयेंगे कथित कंपनी की महिला द्वारा कार्डधारियों से जो बात हुई उसके आधार पर शहजाद और आदाब नामक व्यक्तियों के आने पर कार्ड धारियों द्वारा कार्ड वापिस कर दिये गये परंतु अब कंपनी के द्वारा उनके कार्ड से लाखों रूपये की राशि उपयोग होने और उसको जमा करने के लिये फोन आ रहे है ।

ठगी के शिकार हुये पीडितो ने बताया कि इस प्रकार से शहजाद और आदाब नामक व्यक्तियों ने 70 से 80 व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी की है और लाखों रूपये धोखाधड़ी कर निकाल लिये है । यहाँ बतादें कि क्रेडिट कार्ड से राशि का उपयोग करने वालों को लगभग 45 दिन तक राशि बिना ब्याज के उपयोग करने की छूट रहती है और 45 दिन के अंदर राशि जमा करना पड़ती है समय सीमा में राशि जमा न होने पर ब्याज या दंड राशि वसूली जाती है जो बहुत अधिक होती है । बजाज कंपनी के कार्ड धारको के साथ हुई धोखाधड़ी के शिकार व्यक्तियों को पता ही नहीं था कि उनके कार्ड से शहजाद और आदाब नामक युवको ने राशि निकाल कर उपयोग कर ली है उन्हें इसकी जानकारी कई महिने बाद पता तब चली जब बजाज फायनेंस ने राशि जमा करने के लिये उन्हें फोन किया ।

शिकायत कर्त्ताओं का कहना है कि उनके साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत उन्होंने कोतवाली में भी की है जिसकी एफ आई आर नहीं लिखी जा रही है । पीडितो का कहना है कि यदि एफ आई आर लिख जाती है तो वे उसकी कापी बजाज फायनेंस को देकर राहत प्राप्त कर सकते है ।

राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनी नौ फिट की गणेश प्रतिमा

सिवनी यशोः- देवाधिदेव भूतभावन महाकाल भगवान शिव की नगरी सिवनी में श्री सिद्धपीठ माता महाकाली मंदिर काली चौक में स्थापित भगवान श्री गणेश की मनोहारी प्रतिमा आमजनों के भारी आकर्षण और चर्चा का विषय बनी हुई है. लगभग नौ फीट की गणेश जी की इस प्रतिमा को विकी कश्यप ने आकार दिया है. सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि सनातन धर्मानुयायियों के अलावा अन्य धर्मों के लोग भी अपने परिजनों और इष्टमित्रों सहित आकर एकदन्त विनायक श्री गणपति जी के साथ सेल्फी अथवा फोटो लेकर जा रहे है. यहाँ धर्म, जाति, वर्ग, संप्रदाय आदि किसी भी प्रकार का कोई भी भेदभाव दूर-दूर तक देखने में नहीं आ रहा है जोकि हमारी स यता, संस्कृति और राष्ट्रिय एकता के लिए एक शुभ संकेत और गौरव की बात है.

पंडा बाबा भुजू यादव के मार्गदर्शन व संरक्षण में विकास यादव, भूपेंद्र यादव, अंकुर सरोठे, पंकज यादव, मोनू यादव, वैभव तिवारी, करण यादव, राजू-बड़ऊ यादव, आकाश टेकाम राहुल यादव, मोंटी सरोठे, सागर मरकाम, अनंत साहू, कुनाल सरोठे आदि सहित अन्य और भी युवक गणपति जी की आराधना और उत्सव को भव्य स्वरुप देने में अहर्निश जुटे हुए हैं. प्रतिदिन साबूदने की खीर, पुलाव, हलुआ अथवा अन्य पकवानों का वितरण गणेशजी की महाआरती के पश्चात वितरित किया जा रहा है. खास बात यहकी इस उत्सव के लिए किसी से चंदा नहीं मँगा गया. आज 27 सित बर बुधवार को भगवान गणेशजी की महाआरती के पश्चात कढ़ी-चांवल का भोग अर्पित कर वितरण किया जायेगा. समिति द्वारा अधिकाधिक सं या में पधार कर पुण्यलाभ अर्जित करने और महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की गयी है.

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जन जागरुकता एवं मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम मे किया सहभागिता

सिवनी यशोः- बुधवार दिनांक 27 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जन जागरुकता एवं मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम मे सहभागिता किया। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के सभा हाल मे केन्द्रीय संचार ब्यूरो भोपाल द्वारा आयोजित नया भारत, सशक्त भारत, सुपोषित भारत अंतर्गत जन जागरुकता एवं मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन के अतिथि के रुप सहभागिता किया। कार्यक्रम मे पहुंचने पर अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के नेतृत्व में श्री राय की भव्य आगवानी कर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत सर्वप्रथम विधायक दिनेश राय मुनमुन के शुभहस्ते मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया है। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। श्री राय सहित उपस्थितों ने तालियां बजाकर सराहना किया। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने अपने संबोधन मे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दिया। तथा आपके करकमलों से प्रतिभागियों पारितोषिक एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके साथ ही विधायक श्री राय द्वारा परिसर मे लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, निरंजन मिश्रा, अनुसूईया पटवा पार्षद, रविशंकर प्राचार्य, डा. अरविंद चौरसिया, सौरभ शु ला जिला समन्वय, मोनिका चौरसिया ब्लाक समन्वयक, अजय बैस जी ईकाई प्रभारी, आसू झा , मंतारे, पूनम अहरवार गर्ल्स कार्यक्रम अधिकारी डा. सत्येन्द्र शेडें, एम.सी. सनोडिया, प्रियंका महाजन सहित बड़ी सं या में छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

ने जन जागरुकता एवं मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अतिथि के रुप सहभागिता किया। कार्यक्रम मे पहुंचने पर अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के नेतृत्व में

नेत्र शिविर देवगांव एवं देवरीकलां ग्राम मे आज

सिवनी यशोः- आज गुरुवार 28 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन देवगांव एवं देवरीकलां ग्रामों में किया जावेगा। साईं नेत्रा आई केयर संस्थान सिवनी एवं सक्षम भारत संस्था दादा वीरेंद्र पुरी आई हास्पिटल जबलपुर के माध्यम से विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में नेत्र रोगियों के उपचार हेतु आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतर्गत कल 28 सितंबर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे ग्राम देवरीकलां तक एवं दोपहर 02:00 से 05:00 बजे तक ग्राम देवगांव में शिविर ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया है। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र पटेल द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की जावेगी। शिविर में आने वाले नेत्र रोगियों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाना अनिवार्य है। उक्त शिविर में नेत्र रोगियों से अधिक से अधिक सं या मे पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह है।

विद्यालय, महाविद्यालय की 13 सूत्रीय मांगो को ले अशैस ने सौपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- जिले के अशासकीय विद्यालयों की सात सूत्रीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों की 5 सूत्रीय मागों को लेकर जिला प्रशासन के समय अशैस संगठन ने ज्ञापन सौपा।

विद्यालयों की मांग के संदर्भ मे फीस नियामक आयोग के माध्यम से अशासकीय विद्यालयों की फीस का निर्धारण किया जाये, ताकि प्रति अभिभावको एवं संस्था के बीच पारदर्शिता बनी रहे। शासन के मापदण्ड पूर्ण करने वाले विद्यालयों को न्यूनतम 5 वर्षों की स्थायी मान्यता प्रदान की जाए।

अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो को सी.बी.एस.ई की तर्ज पर हाई/ हायर सैकेन्डरी तथा 5 वी 8 वी की परीक्षाओं में केन्द्राध्यक्ष बनाया जाने शासकीय विद्यालयों के शिक्षको के लिए शासकीय शिक्षा विद्यालयों में बीएड एवं डाइट संस्थानों से डी. एड प्रशिक्षण दिया जाता है इसी तर्ज पर 20 प्रतिशत सीट अशासकीय

जिले भर की प्रायवेट शाला के प्रबंधक हुये शामिल

विद्यालय मे शिक्षण कर रहे शिक्षकों के लिए निर्धारित की जाए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार से स मानित किया जाए आर. टी. आई. शुल्क प्रक्रिया का शिथिलीकरण दिया जाए एवं पूर्व वर्षो से वंचित छात्रों के लिए एक वर्ष

पोर्टल खोलकर गत वर्षो से रुके परिणाम प्रकरणों को पूर्ण करने अंतिम अवसर प्रतिपूर्ति का दिया हाको पर्यावरण उन्नयन समिति का गठन प्रत्येक विद्यालयों में किया जाए।

इसी तरह महाविद्यालयों को लेकर सौपे गये ज्ञापन में केन्द्र सरकार द्वारा निर्मित नई शिक्षा नीति को अक्षरशः प्रवेश परीक्षा उपस्थिति छात्रवृत्ति परिणाम, कौशल संवर्धन के लिए लागू किया जाए जिससे एक कक्षा में अधिकतम 40 छात्रों की प्रवेश व्यवस्था सतत उपस्थिति पर छात्रवृत्ति एवं परीक्षा एक रोजगार परक पाठ्यक्रम को लागू करने की व्यवस्था कठोरता से लागू की जाए। 40 से अधिक प्रवेश किसी भी महाविद्यालय की किसी भी कक्षाओं में न कराया जाए हर राउण्ड में सीट वृद्धि बिना एफबल की जाकर शिक्षा को प्रवेश मात्र प्रवेश, परीक्षा एवं डिग्री बाटने की व्यवस्था ना बनाया जाए।

एनईपी- 2020 के तहत अशासकीय महाविद्यालयों में समन्वय बनाने परीक्षा एक परीक्षाकेन्द्र प्रथक महाविद्यालय में किया जाना जरूरी है। अध्ययनरत महाविद्यालय का छात्र उसी महाविद्यालय में परीक्षा ना दे अन्यत्र महाविद्यालय में परीक्षा दे इसे कठोरता से लागू किया जाए। छात्रवृत्ति में असमानता दूर की जाए ताकि विद्यार्थियों को अन्य जिले में भटकना ना पड़े जिला स्तर पर विश्वविद्यालय का गठन किया जाए एवं नई शिक्षा नीति का स ती से पालन किया जाए। शिक्षा में गुणवत्ता हेतु परीक्षा अध्यापन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर उपस्थिति एवं सीटों स ती से पालन किया जाए।

इन मांगों से लेकर अशासकीय शैक्षणिक संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डा. के.के. चतुर्वेदी, आर. आर. रघुवंशी बेलपेट, अखिलेश तिवारी चक्की खमरिया, तेरसिंह राहगंडाले गगेरुआ गजेश ठाकरे बरघाट, डा. ओम मिश्रा पीपरवानी कुर्रु गजेन्द्र देशमुख, सुरेश डहरवाल, मनीष पाण्डे खवासा फिरदौस खान धनौरा वाय.एस. राणा, नरेन्द्र अग्रवाल सिवनी राजेश शिवहरे भीमगढ मनीष चौरसिया जी.पी. सेन अखिलेश यादव दीपेन्द्र शु ला देवीसिह निर्मलकर एच.के. चतुर्वेदी अमिता चतुर्वेदी आरके चतुर्वेदी देवी सिंह सहित अनेक लोग शामिल हुये।

साहू समाज के जिला अध्यक्ष बने गुलाब साहू, शुभचिंतकों ने दी बधाई

छपारा यशोः- मध्य प्रदेश साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष द्वारका प्रसाद साहू के द्वारा साहू समाज के जिला अध्यक्ष के पद पर छपारा निवासी गुलाब साहू को जिला अध्यक्ष एवं सिवनी निवासी सुनील साहू को प्रदेश कार्यकारिणी प्रचार सचिव तथा शिव प्रसाद साहू को संभागीय संगठन सचिव बनाए जाने पर परिजनो सहित शुभचिंतकों ने दी बधाई।

बताया जाता है कि मध्य प्रदेश साहू समाज की संभागीय बैठक गत दिवस जबलपुर स्थित समदड़िया होटल में संपन्न हुई जिसमें तेली धानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि करण साहू (कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) की उपस्थिति एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारका प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में छपरा नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं कांग्रेस नेता गुलाब साहू को सिवनी जिले का साहू समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

मक्के की फसल को नुकसान पहुंचा रहे सूअर

परेशान किसानों ने तहसीलदार से लेकर नगर परिषद सीएमओ से लगाई गुहार

छपारा यशोः- वर्तमान समय में मक्के की फसल लगभग पूर्ण रूप से तैयार हो गई है,किंतु कटाई से पहले ही किसानों की समस्या का अंत नहीं हो रहा है एक तरफ तो शुरु आती बरसात में अतिवृष्टि की मार के चलते वैसे ही मक्के की फसल को नुकसान हुआ तो वहीं दूसरी ओर नगर परिषद क्षेत्र में पाले जाने वाले पालतू सुअरो द्वारा मक्के की फसलों को नुकसान पहुंचने से बाज नहीं आ रहे है।

देखा जाए तो बारिश के सीजन में पैदा होने वाली फसलों में किसानों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है,कभी प्रकृति रूठ जाती है तो अल्प वर्षा से फसल सूखने लगती है,कही अतिवृष्टि से फसल बरबाद हो जाती है,वही दूसरी ओर देखा गया की जंगली जानवर व आवारा मवेशियों से भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

ज्ञात हो कि नगर परिषद सीमा से लगे हुए खेतों में दिन व रात में सुअरो की बड़ी सं या में झुंड के झुंड खेतों में लगी मक्के की फसल को तहस-नहस कर रहे हैं, वही इसी तरह की घटना इन्हीं दिनों पिछले वर्ष भी देखने में आई थी तब भी किसानों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 से लेकर स्थानीय प्रशासन से भी गुहार लगाई गई थी किंतु इसके बाद भी इस समस्या का कोई स्थाई हल नहीं निकल पाया था, वहीं इस वर्ष भी किसानों के सामने इन पालतू सुअरों की समस्या सामने खड़ी है जो मेहनत से तैयार की गई मक्के की फसल को तहस-नहस करने में लगे हैं,जिसको लेकर किसानों ने नगर परिषद कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय में 27 सितंबर को लिखित आवेदन दिया और गुहार लगाई की इस समस्या से जल्द से जल्द निजात दिलाई जाए,अब देखना यह है कि प्रशासन किसानो की इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और इन पालतू सुअरो के मालिक पर या कार्यवाही करते हैं। वही नगरीय सीमा क्षेत्र से लगे हुए किसानों ने शासन व प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग की है किसानों ने कहा है कि पालतू सूअर मालिकों पर तुरंत कार्रवाई हो और किसानों के नुकसान की भरपाई उक्त सूअर पलकों से कराई जाए।

विशाल ईनामी दंगल में शामिल हुए केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह

केवलारी यशोः- बुधवार दिनांक 27 सितंबर को केवलारी केवलारी में बस स्टैंड के पास महावीर व्यायाम शाला द्वारा आयोजित विशाल ईनामी दंगल में मु य अतिथि के रूप में शामिल हुए केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने ईनामी दंगल में आये दर्शकों का अभिवादन किया एवं पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खिलाड़ी भावना से दंगल को सफल बनाने की बात कहते हुये उनका हौसला बढाया । महावीर व्यायाम शाला दंगल समिति द्वारा कार्यक्रम के मु यातिथि श्री पाल का फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक श्री पाल ने दू दराज से

पहलवानों के द्वारा खेली गई कुश्ती का आनंद लिया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया, शिव चौधरी, सतीश राय,तोल्लू चौधरी,दामोदर शु ला, नागेंद्र कटारिया,प्रवीण दुबे, देवी सिंह बघेल,सरदार बघेल,बाबूलाल जंघेला,अरुण चौरसिया,अजय बघेल,प्रशांत मोनू तिवारी,चेमन सिंह बघेल,ओमकार जंघेला, दीपक जंघेला, दीपेश पांडेय,पुरुषोत्तम बघेल,सचिन राजपूत, जयसिंह राजपूत, चारमरु लाल मसराम,पवन बघेल,संतोष गुमास्ता एवं खेल प्रेमी जनता की उपस्थिति रही।

मीडिया प्रतिनिधियों के समग्र कल्याण की विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति

* मु यमंत्री संबल खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना की स्वीकृति
* "कायाकल्प द्वितीय चरण योजना" की तीन वर्षों के लिये स्वीकृति
* 4 नई तहसीलों, एक नये अनुभाग के गठन को मंजूरी

मु यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

भोपाल । मध्यप्रदेश के वरिष्ठ एवं कुनुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह दी जाने वाली स मान निधि 10 हजार रूपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये की जायेगी।स मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी / पति को एकमुश्त 8 लाख रूपये की सहायता राशि दी जायेगी। पत्रकारों को स्वयं अथवा आश्रितों के उपचार के लिये सामान्य बीमारियों के लिये आर्थिक सहायता प्रावधान 20 हजार से बढ़ाकर 40 हजार रुपये और गंभीर बीमारियों के लिये 50 हज़ार से बढ़ाकर 1 लाख रूपये किया जायेगा। आयकर वाली शर्त को भी हटाया गया है।

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक ने मु यमंत्री द्वारा इस संबंध में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को स्वीकृति दी।

उल्लेखनीय है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करने वाले प्रिंट मीडिया, इले ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल, डिजिटल मीडिया में काम कर रहे पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के समग्र कल्याण एवं हितों को ध्यान में रखते हुए मु यमंत्री श्री चौहान ने 7 सितंबर, 2023 को ÷पत्रकार समागम÷ के दौरान विभिन्न घोषणाएं की थीं।

मंत्रि-परिषद ने पूर्व में लागू मध्यप्रदेश में अधिमान्य पत्रकारों को आवास ऋण पर ब्याज अनुदान योजना को संशोधित कर नवीन योजना ÷अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋण एवं शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना 2023÷ को स्वीकृत किया। नई योजना में अधिकतम ऋण राशि सीमा 25 लाख रूपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये की गयी है। साथ ही योजना में अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के बेटे / बेटियों की शिक्षा के लिये बैंक से लिये गये ऋण पर देय ब्याज पर भी 5त्न ब्याज अनुदान 5 वर्ष के लिये राज्य शासन द्वारा वहन करने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रि-परिषद ने यह निर्णय भी लिया कि ÷मध्यप्रदेश संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना÷ में पत्रकारों से वर्ष 2022-23 के लिये भारित प्रीमियम दर के अनुसार ही इस वर्ष भी प्रीमियम राशि ली जायेगी। बीमा कंपनी द्वारा बढ़ाए गये प्रीमियम की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जायेगा। इस योजना में नये प्रावधान के अनुसार 65 वर्ष से अधिक उम्र के पत्रकारों और उनकी पत्नी / पति के बीमा का पूरा प्रीमियम राज्य शासन वहन करेगा।

कायाकल्प द्वितीय चरण योजना÷ की तीन वर्षों के लिये स्वीकृति

मंत्रि परिषद् द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता (शहरी सुधार कार्यक्रम) से प्रदेश में मास्टर प्लान की सड़कों के लिये नवीन पूंजीगत योजना ÷कायाकल्प द्वितीय चरण (मास्टर प्लान की सड़कें) योजना÷ की तीन वर्षों के लिये स्वीकृति दी गई है।

योजना का क्रियान्वयन केन्द्र सरकार से प्राप्त होने वाली विशेष केन्द्रीय सहायता राशि से किया जायेगा। वर्ष 2023-24 के लिए 1200 करोड़ रूपयों का प्रावधान किया गया है। योजना में मास्टर प्लान में अंकित मार्ग, अन्य प्रमुख मार्ग, रिंगरोड तथा बायपास का निर्माण विद्यमान सड़कों का उच्चनीकरण और इन मार्गों के लिये अनुषांगिक अधोसंरचना विकास जैसे चौराहे, रोड, फर्नीचर, यूटिलिटी शिफ्टिंग, लोक परिवहन, स्ट्रीट लाईटिंग, पुल-पुलिया के कार्य किये जायेंगे। योजना का क्रियान्वयन नगरीय निकाय, विकास प्राधिकरण, स्मार्ट सिटी एवं एम.पी. यू.डी.सी के द्वारा किया जायेगा।

जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन का अनुमोदन

मंत्रि परिषद् ने ÷जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किये जाने का अनुमोदन किया।

मध्य प्रदेश आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति 2023 का अनुमोदन

मंत्रि परिषद् द्वारा देश में आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्र में निवेश को और आकर्षक बनाये जाने के उद्देश्य से निवेश नीति 2016 के स्थान पर नवीन नीति मध्य प्रदेश आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश संवर्धन 2023÷ का अनुमोदन किया गया है।

क्रियान्वयन के लिये नियम एवं दिशा निर्देश जारी करने तथा नियमों एवं दिशा निर्देशों में सामान्य संशोधन, विसंगति दूर करने तथा प्रावधानों की व्या या करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को अधिकृत किया किया गया है। नवीन नीति के प्रभावशील होने से राज्य में निवेश की संभावनाओं का विस्तार होगा एवं इच्छुक क पनियों निवेशक ेलिए आकर्षित होंगी।

जबलपुर में दो नवीन तहसील पोंडा और कटंगी के सृजन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा जिला जबलपुर में तहसील मझौली के राजस्व निरीक्षक मंडल मझौली के हल्का 1 से 24, 26 से 42 तक कुल 41 पटवारी हल्के शेष रहेंगे। नवीन तहसील पोंडा के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये है। जिसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 02, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार/दफ्तरी/ बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 5 पद शामिल है।

इसके साथ ही जिला जबलपुर में नवीन तहसील कटंगी के सृजन की स्वीकृति दी गई है। नवीन तहसील में तहसील पाटन के राजस्व निरीक्ष मंडल कटंगी के पटवारी हल्का 01 से 21 एवं 28 से 37 तक कुल 31 पटवारी हल्के तथा तहसील मझौली का पटवारी हल्का 25, कुल 32 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। इसके बाद तहसील पाटन में राजस्व निरीक्ष मंडल कटंगी के पटवारी हल्का 22 से 27 एवं 38, तथा राजस्व निरीक्ष मंडल पाटन के पटवारी हल्का 39 से 80 इस प्रकार कुल 49 पटवारी हल्के तथा तहसील मझौली में 84 पटवारी हल्के शेष रहेंगे। नवीन तहसील कटंगी के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत स्वीकृत किये गये है। जिसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार, दफतरी, बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य 05 पद शामिल है।

जिला मऊगंज में नवीन तहसील देवतलाब के सृजन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा जिला मऊगंज में नवीन तहसील देवतलाब के सृजन की स्वीकृति दी गई है। नवीन तहसील में तहसील मऊगंज के राजस्व निरीक्ष मण्डल देवतालाब के पटवारी हल्का 1 से 15 एवं 47 से 49ः राजस्व निरीक्ष मण्डल रतनगवा के पटवारी हल्का 16 से 27, 29 व 56, 57; राजस्व निरीक्ष मण्डल सीतापुर के पटवारी हल्का 40, 42, 43 तहसील नईगढ़ी राजस्व निरीक्ष मण्डल खरी के पटवारी हल्का 21 से 28 व 54 से 58 समाविष्ट होंगे। शेष तहसील नईगढ़ी में तहसील नईगढ़ी राजस्व निरीक्ष मण्डल रामपुर के पटवारी हल्का 1 से 14 व 43 से 53 राजस्व निरीक्ष मण्डल खरी के पटवारी हल्का 15 से 20 व 59 से 67ः राजस्व निरीक्ष मण्डल मऊगंज के पटवारी हल्का 29 से 42 व 68 से 79 समाविष्ट होंगे तथा शेष तहसील मऊगंज में तहसील मऊगंज के राजस्व निरीक्ष मण्डल देवतालाब के पटवारी हल्का 50 एवं 51 राजस्व निरीक्ष मण्डल रतनगवां के पटवारी हल्का 28, 30 एवं 52 से 55, 58, 59, राजस्व निरीक्ष मण्डल सीतापुर के पटवारी हल्का 31 से 39 व 41, 44 से 46 व 60 से 62; राजस्व निरीक्ष मण्डल मऊगंज के पटवारी हल्का 63 से 85 समाविष्ट होंगे। जिला मऊगंज में नवीन तहसील देवतालाब के कुशल संचालन के लिये कुल 17 पद स्वीकृत किये गये है। जिसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 2, जमादार, दफतरी, बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 5 पद शामिल है।

जिला ग्वालियर में नवीन तहसील पिछोर के सृजन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा जिला ग्वालियर में नवीन तहसील पिछोर के सृजन की स्वीकृति दी गई है। नवीन तहसील में तहसील डबरा के कुल 29 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। नवीन तहसील पिछोर के गठन उपरांत डबरा तहसील में शेष 54 पटवारी हल्के शामिल होगें। नवीन तहसील पिछोर के कुशल संचालन के लिये कुल 20 पद स्वीकृत किये गये है। इसमें तहसीलदार का 1, नायब तहसीलदार के 2, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 4 सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 3, जमादार, दफतरी, बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 4 पद शामिल है।

महिला फुटबॉल के प्रोत्साहन हेतु 'पेट्रॉन स्टेट प्रोग्राम' के संचालन के लिये 97 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति

महिला फुटबॉल के प्रोत्साहन के लिये मंत्रि परिषद् द्वारा %पेट्रॉन स्टेट प्रोग्राम% के संचालन के लिये 97 करोड़ 3 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। आगामी 03 वर्षों में अनावर्ती व्यय अंतर्गत 52 करोड़ 83 लाख रूपये और 5 वर्षों के आवर्ती व्यय अन्तर्गत 44 करोड़ 20 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। योजना के क्रियान्वयन के लिये फुटबाल प्रशिक्ष एवं प्रबंधन की व्यवस्था राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ से करने तथा अन्य सपोर्ट स्टॉफ आदि की व्यवस्था निजी एजेंसी से आउटसोर्स के आधार पर किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

मु यमंत्री संबल खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना की स्वीकृति

मंत्रि परिषद् द्वारा श्रम विभाग के अंतर्गत मु यमंत्री संबल खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना को लागू किया गया है। योजना अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर संबल परिवार के सदस्यों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर 50 हजार रूपये और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर 25 हजार रूपये प्रदान किये जाएंगे।

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को ग्राम सुखलिया में भूमि आवंटन

मंत्रि परिषद् द्वारा मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को जिला इंदौर के ग्राम सुखलिया सर्वे नं. 604 रकबा 1.98 एकड, ग्राम भमोरीदुबे सर्वे नं. 01 रकबा 3.65 एकड़, ग्राम कबीटखेडी सर्वे नं. 143 रकबा 3.57 एकड़ कुल 9.20 एकड़ शासकीय नजूल भूमि आवंटित की गई है। वर्ष 1985-86 के बाजार मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर प्रब्याजी इस प्रकार संगणित प्रब्याजी राशि पर प्रथम एक वर्ष तक 12 प्रतिशत वार्षिक एवं उसके पश्चात् शेष अवधि के लिये 15 प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज अधिरोपित किया जायेगा। वार्षिक भू-भाटक 31 मार्च, 2020 तक प्रब्याजी के 5 प्रतिशत तक तदोपरांत मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-राजस्व का निर्धारण एवं पुनर्निधारण) नियम, 2018 के अंतर्गत निर्धारण की विहित दर से दो गुना की दर पर करने पर भुगतान दिनांक तक की अवधि के लिये प्रथम एक वर्ष तक 12 प्रतिशत वार्षिक एवं उसके पश्चात् अदायगी दिनांक तक शेष अवधि के लिये 15 प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज अधिरोपित किया जाकर शासकीय नजूल भूमि आवंटित की गई है।

टे सटाईल पार्क के निर्माण का कार्योत्तर अनुमोदन

मंत्रि परिषद् द्वारा प्रदेश में टे सटाईल पार्क के निर्माण के लिये भारत सरकार को प्रेषित प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन दिया गया है। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत ग्राम भैसोला जिला धार में पी. एम. मित्रा पार्क की स्थापना का अनुमोदन दिया गया है। पार्क के लिये चिन्हित 1563 एकड़ भूमि एवं आवश्यक होने पर पार्क के विकास हेतु एवं आवश्यक अनुषांगिक गतिविधियों के विस्तार के लिये पार्क से लगी हुई अर्जित/हस्तांतरित भूमि को भारत सरकार के शर्तों के अनुरूप स्क्रू को उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। पार्क की स्थापना के लिये भारत सरकार एवं राज्य शासन के मध्य 21 मई 2023 को निष्पादित एम.ओ.यू. का कार्योत्तर अनुमोदन दिया गया है।

पी.एम. मित्रा पार्क भैंसोला तहसील बदनावर जिला धार की स्वीकृति में निहित शर्तों के अनुरूप एस. पी. व्ही. के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें भारत सरकार का अंश 49 प्रतिशत एवं राज्य शासन का अंश 51 प्रतिशत रहेगा। एस.पी.व्ही. में राज्य शासन के अंश की राशि विभागीय बजट से उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रस्तावित पार्क तक सड़क, बिजली एवं पानी की सुविधा प्रदान करना तथा एस. पी. व्ही. के माध्यम से मास्टर डेव्हलपर को समतलीकृत, अतिक्रमण मुक्त भूमि उपलब्ध कराने की स्वीकृति एवं उक्त सुविधा निर्माण में होने वाले अनुमानित व्यय 163 करोड़ रूपये का वहन राज्य शासन द्वारा विभागीय बजट के तहत किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत पीएम मित्रा पार्क के लिये विद्युत वितरण लाईसेंस की स्वीकृति प्रदान की गई है। एस.पी. व्ही. को पी. एम. मित्रा पार्क भैंसोला तहसील बदनावर जिला धार में विद्युत प्रदाय हेतु एमपीपीएमसीएल से एवरेज पॉवर परचेज कॉस्ट (एपीपीसी) पर बिजली खरीदने की अनुमति प्रदान की गई है। पार्क में स्थापित होने वाली इकाईयों को प्रचलित औद्योगिक संवर्धन नीति अनुसार सुविधाएं एवं सहायता दिये जाने का अनुमोदन दिया गया है।

रीवा हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के लिये 258 करोड़ 83 लाख 59 हजार 356 रूपये की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा रीवा हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के लिये अधिग्रहित भूमि के मुआवजा राशि का भुगतान करने के संबंध में 13 दिस बर 2022 को लिये गये निर्णय में संशोधन कर कले टर रीवा के प्रस्तावानुसार मुआवजा 206 करोड़ 12 लाख 59 हजार 356 रूपये को पुनर्रीक्षित कर 258 करोड़ 83 लाख 59 हजार 356 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने एवं स पूर्ण राशि का आवंटन लोक निर्माण विभाग के मद से करने का निर्णय लिया गया।

लोक परिस पत्ति का निर्वर्तन

मंत्रि परिषद् द्वारा जिला ग्वालियर की राजस्व विभाग वार्ड क्र. 60, खसरा क्र. 59, सिरोल तिराहा स्थित परिस पति क्षेत्रफल 3350 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिये आमंत्रित निविदा के ॥-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा 15 करोड़ 77 लाख 94 हजार रूपये जो कि रिजर्व मूल्य 5 करोड़ 78 लाख रूपये का 2.73 गुना है, की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं ॥-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100त्न जमा करने के उपरांत अनुबंध / रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कले टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।

मंत्रि परिषद् द्वारा भोपाल में भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास विभाग की वार्ड क्र. 8 मुंशी अली खान स्थित भूमि परिस पत्ति खसरा क्र. 44/1, 44/2 का भाग कुल रकबा 1010 वर्गमीटर के ॥-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा 2 करोड़ 4 लाख 96 हजार रूपये जो कि रिजर्व मूल्य 1 करोड़ 12 लाख रूपये का 1.83 गुना है की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं ॥-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100त्न जमा करने के उपरांत अनुबंध / रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कले टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।

मंत्रि परिषद् द्वारा मंदसौर की राजस्व विभाग खसरा क्र. 413 / 1 एवं 413/2 ग्राम भून्याखेड़ी स्थित भूमि परिस पत्ति के पार्ट-2 क्षेत्रफल 9000 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिये ॥-1 निविदाकार की 18 करोड़ 89 लाख 72 हजार जो कि रिजर्व मूल्य 6 करोड़ 5 लाख रूपये का 3.12 गुना है, की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं ॥-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100त्न जमा करने के उपरांत अनुबंध / रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कले टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।

दीक्षांत शपथ और उपदेश को अपने जीवन में उतारें विद्यार्थी - राज्यपाल पटेल

राज्यपाल पटेल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधि और स्वर्ण पदक

भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षित वही है, जिसमें ज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी होते हैं। विद्यार्थी जीवन में विश्वविद्यालय से प्राप्त होने वाले संस्कार जीवन के हर कदम पर आपके पथ प्रदर्शक होते है। श्री पटेल मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों को परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जीवन की सफलताओं में कभी भी अपने माता-पिता और गुरुजनों को नहीं भूलें। उनके स मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। श्री पटेल ने कहा कि शिक्षक, युवा वर्ग को दृढ़ संकल्पवान बनाएं। उन्हें समस्याओं से जूझना सिखाएं ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी एपका आत्मबल बना रहें। विद्यार्थी वंचित वर्गों के प्रति भी संवेदनशीलता के साथ सहयोग के लिए तत्पर रहें।

स्वच्छता दिवस पर सक्रियता से भाग लें विद्यार्थी

राजपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को 2 अे टूबर को आयोजित होने वाले स्वच्छता दिवस पर होने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़कर और उत्साह पूर्वक हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिसर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहने की समझाइश दी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्यपाल श्री पटेल का पुष्पगुच्छ, शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। राज्यपाल श्री पटेल एवं अतिथियों ने विश्वविद्यालय की उपलब्धि पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया। दीक्षांत समारोह में स्मृति-चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर कुलपति राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, पो. एस. सूर्यप्रकाश भी उपस्थित थे। उन्होंने भारतीय शिक्षा की ऐतिहासिकता और गौरवशाली विरासत की महत्ता पर संक्षिप्त उद्बोधन दिया। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति श्री सुरेश कुमार जैन ने बताया कि 165 विद्यार्थियों को उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान किये गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने दीक्षित विद्यार्थियों को दीक्षांत उपदेश दिया और दीक्षांत शपथ दिलाई।

वरिष्ठों से सीखकर नए सदस्य अपने क्षेत्र में ज्यादा विकास कर सकते हैं - गौतम

विधानसभा अध्यक्ष श्री गौतम ने प्रदान किए संसदीय उत्कृष्टता स मान

गोपाल भार्गव एवं श्री तुलसीराम सिलावट को उत्कृष्ट मंत्री स मान

बारहमासी विधानसभा सत्र होती हैं समितियां - गौतम

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने मंगलवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संसदीय उत्कृष्टता स मान समारोह से मंत्रियों, विधायकों, पत्रकारों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स मानित किया। इस अवसर पर सभा समितियों की संयुक्त बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें समिति के सभापतियों ने अपने कार्यकाल की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स मानितजनों को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने कहा कि नए सदस्य यदि वरिष्ठ विधायकों से मागदर्शन लेकर सीखें तो वे अपने क्षेत्र में ज्यादा विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। खासतौर पर विधायकों के सामने कई नजरे होती हैं। एक तो क्षेत्र का मतदाता अपने सपनों के पूरा होने के लिए टकटकी बांधे विधायक की ओर देखता है। दूसरा मीडिया की भी नजर विधायक पर होती है। जनता की आकांक्षा अपेक्षा को पूरा करने की चुनौती भी विधायकों पर होती है।

श्री गौतम ने बताया किया जिन नए सदस्यों प्रश्न होते थे उनको बुलाकर वरिष्ठ सदस्यों के माध्यम से ब्रीफिंग करवाने कार्य विगत समय में किया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में अब कम ही सदस्य नजर आते हैं। यह आवश्यक है कि सदस्य पुस्कालय में नियमित में जाए। हम सभी यहां जनता का प्रतिनिधित्व करने आते हैं। हम सभी प्रयास करते हैं कि अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य हो जाएं। लेकिन हमें यह प्रयास करना है कि हम अपनी बात संयमित और प्रभावी तरीके से रखें तो कार्य अवश्य होगा।

श्री गौतम ने कहा कि वर्तमान में जब प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कारणों से विधानसभा के सत्र लंबे नहीं नहीं चल रहे है तो समितियों के माध्यम से कार्य हो रहा है। इसलिए एक तरह से समितियां बारहमासी विधानसभा का सत्र होती हैं। समितियों का काम सामने कम आता है लेकिन वहां निश्चित तौर पर ज्यादा और महत्वपूर्ण कार्य होता है।

इस अवसर पर श्री गौतम ने प्रदेश के प्रथम मु यमंत्री पं. रविशंकर शु ल की स्मृति में उत्कृष्ट मंत्री स मान श्री गोपाल भार्गव, लोकनिर्माण मंत्री एवं श्री तुलसीराम सिलावट जल संसाधन मंत्री को प्रदान गया। पूर्व मु यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की स्मृति में उत्कृष्ट विधायक स मान विधायकगण श्री लक्ष्मण सिंह, श्री देवेंद्र वर्मा, श्री शैलेंद्र जैन, सुश्री हिना लिखीराम कांवरे, श्री आशीष गोविंद शर्मा, श्री फुंदेलाल मार्को को दिया गया। प्रदेश की पहली महिला नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी की स्मृति में उत्कृष्ट पत्रकार (प्रिंट मीडिया) का स मान श्री दीपेश अवस्थी, विशेष संवाददाता पत्रिका एवं श्री राजीव सोनी, वरिष्ठ संवाददाता पीपुल्स समाचार को प्रदान किया गया। माणिचंद्र वाजपेरी उत्कृष्ट पत्रकार (इले ट्रॉनिक मीडिया) स मान श्री विवेक पटैया (आईबीसी-24) एवं श्री सुधीर दंडोतिया (न्यूज24) को प्रदान किया गया।

इसके साथ ही प्रदेश के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष पं. कुंजीलाल दुबे की स्मृति में उत्कृष्ट विधानसभा अधिकारी पुरस्कार श्री एम.एल.मनवानी अवर सचिव, श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा अवर सचिव, सुश्री करमजीत छिन्ना, सहायक संचालक सुरक्षा एवं श्री मोहनलाल राय निज सचिव को प्रदान किया गया। प्रदेश के प्रथम विधानसभा सचिव श्री ख.के.गोंगले की स्मृति में उत्कृष्ट विधानसभा कर्मचारी पुरस्कार श्री सुमित यादव सहायक मार्शल, श्री नीरज उरमलिया भृत्य, श्रीमती उर्मिला वर्मा फर्राश एवं श्री रवेश मालवीय कुली को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीता सरण शर्मा, लोकलेखा समिति के सभापति श्री पी.सी.शर्मा, प्राक्कलन समिति के सभापति श्री रामपाल सिंह, अजा-अजा समिति के सभापति श्री प्रदीप लारिया, पिछड़ा वर्ग समिति के सभापति श्री जालम सिंह पटेल, स्था.नि.पं.रा. समिति के सभापति श्री अजय विश्नोई ने भी अपने विचार रखे। स्वागत उद्बोधन मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री ए.पी.सिंह ने दिया। इस अवसर पर मंत्रिगण, विधानसभा सदस्यगण, वरिष्ठ पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मु यमंत्री चौहान ने की सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा

भोपाल । मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज समत्व भवन में नर्मदा नियंत्रण मंडल की बैठक हुई। बैठक में नर्मदा घाटी विकास मंत्री श्री गौरी शंकर बिसेन, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, मु य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

